इंडियन बैंक नवनियुक्त प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, श्री बिनोद कुमार जी का हार्दिक स्वागत करता है

चेन्नई, 16 जनवरी, 2025: श्री बिनोद कुमार ने आज इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। श्री बिनोद कुमार के पास बैंकिंग क्षेत्र में विभिन्न क्षमताओं में सेवाएं प्रदान करने का 3 दशकों से अधिक का व्यापक अनुभव है। उन्होंने नवंबर 2022 से पंजाब नेशनल बैंक में कार्यपालक निदेशक के रूप में कॉर्पोरेट बैंकिंग, ट्रेजरी डिवीजन, अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग प्रभाग, वित्त प्रभाग, डेटा एनालिटिक्स और डेटा भण्डारण आदि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं प्रदान की हैं।

पंजाब नेशनल बैंक में अपने प्रतिष्ठित सेवाकाल के दौरान, उन्होंने मुख्य महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट क्रेडिट), अंचल प्रबन्धक तथा पीएनबी के दुबई अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय केंद्र में सीईओ के रूप में विभिन्न प्रमुख पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान की हैं। उन्होंने एक दूरदर्शी नेता के रूप में सदैव नवाचार, परिचालन दक्षता और बेहतर ग्राहक अनुभव को प्रोत्साहित किया है। उन्होंने पीएनबी की ओर से पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड और आईएसएआरसी (इंडिया एसएमई एसेट पुनर्संरचना कंपनी लिमिटेड) के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

श्री बिनोद कुमार विज्ञान में स्नातक हैं और एनआईबीएम से बैंकिंग और वित्त डिप्लोमा में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त हैं। श्री कुमार जीएआरपी (यूएसए) और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकर्स (सीएआईआईबी) एसोसिएट द्वारा प्रमाणित वित्तीय जोखिम प्रबंधक हैं। उन्हें ट्रेजरी निवेश और जोखिम प्रबंधन में डिप्लोमा प्राप्त है। उन्होंने आईआईएम बैंगलोर में नेतृत्व कौशल विकास कार्यक्रम में भी सहभागिता की है।

श्री बिनोद कुमार के कुशल नेतृत्व में इंडियन बैंक घरेलू बाजार में अपनी उपस्थिति और मजबूत करने, ग्राहक संबंधों को सुदृढ करने और पूरे देश में अपने सभी सम्मानित ग्राहकों को असाधारण वित्तीय सेवाएँ प्रदान करने और विदेशों में चयनित स्थानों पर अपनी अद्वितीय वित्तीय सेवाएं प्रदान करने के लिए की अपनी प्रतिबद्धता हेतु तत्पर है।